बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश

आयोजक : अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था वेलफेयर एसोसिएशन

40ई / 1 लालबहादुर शास्त्री मार्ग ए0एच0 व्हीलर के सामने, सिविल लाइंस, इलाहाबाद

शैक्षिक सत्र 2018–20 में प्रवेश हेतु निर्देश

प्रवेश परीक्षा का प्रारूप

प्रवेश परीक्षा के प्रश्न में वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न होंगे। पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नेगेटिव मार्किंग (Negative Marking) की प्रक्रिया यथावत् रहेगी। प्रत्येक सही उत्तर के 02 (दो) अंक मिलेंगें व प्रत्येक गलत उत्त के एक तिहाई अंक काटे जायेंगे।

प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र – प्रथम

खण्ड	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	कुल अंक	कुल समय
अ	सामान्य ज्ञान (General Knowledge)	50	100	200	3 घण्टे
ब	भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी में से कोई भी)	50	100		

उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिये अनिवार्य है। खण्ड 'ब' भाषा से सम्बन्धित होगा। इस खण्ड में हिन्दी एवं अंग्रेजी के पृथक–पृथक भाग होंगे। इन दोनो भाषाओं में से अभ्यर्थी को किसी एक भाषा के लिये प्रश्न हल करने होंगे।

प्रश्नपत्र – द्वितीय

खण्ड	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	कुल अंक	कुल समय
अ	समान्य अभिरूचि परीक्षण (General Aptitude Test)	50	100	200	3 घण्टे
ब	विषय योग्यता (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि)	50	100		

उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिये अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में 4 विषय वर्ग (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि) होंगे। अभ्यर्थी को इस भाग में से केवल अपने विषय वर्ग के ही प्रश्नों को हल करना होगा जो कि अभ्यर्थी ने अपने विकल्प के रूप में आनलाइन आवेदन पत्र में भरा है।